8

Title: Issue regarding introduction of Air Services in Valmiki Nagar.

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान वाल्मीकि नगर से हवाई सेवा शुरू करने के संबंध में आकृष्ट करना चाहता हूं । मेरा लोक सभा क्षेत्र वाल्मीकि नगर भारत और नेपाल की सीमा पर अवस्थित जंगलों और नदियों से घिरा हुआ भू-भाग है । बिहार की एकमात्र टाइगर परियोजना यहीं पर है, जिसको देखने के लिए पर्यटक विभिन्न राज्यों से आते हैं । वाल्मीकि नगर लव-कुश की जन्मस्थली रही तथा महर्षि वाल्मीकि जी की कर्म भूमि रही है । यहां पर मदनपुर माता का मंदिर है, जहां पड़ोसी राज्यों से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं । यहां लौरिया का अशोक स्तम्भ तथा चानकीगढ़ जैसे अनेक प्रसिद्ध स्थल हैं । वाल्मीकि नगर से हवाई सेवा शुरू करने से पर्यटकों को यहां पहुंचने में आसानी होगी और इस क्षेत्र में रोजगार का भी सृजन होगा । अत: मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि वाल्मीकि नगर से हवाई सेवा शुरू की जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति : श्री गोपाल जी ठाकुर । आपकी वाणी की विद्युत से इसमें प्राण आएंगे । आप बोलना शुरू कीजिए ।